## न्यूज ब्रीफ

### इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारने को लेकर बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने और खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को गोमती नगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खेल सचिव सुहास एलवाई ने की। बैठक में प्रदेश के 16 प्रादेशिक खेल संघों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह और विशेष सचिव कुमार विनीत भी मौजूद रहे। मुक्केबाजी, बास्केटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, पैरा स्पोर्ट्स सहित विभिन्न खेलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव रखे। बैठक में चर्चा का मुख्य केंद्र आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप और नेशनल गेम्स में प्रदेश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाना रहा। खेल सचिव सुहास एलवाई ने कहा कि खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं, बेहतर संसाधन और वैज्ञानिक कोचिंग मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता है।

### साक्षी ने खेलो इंडिया के लिए किया क्वालिफाई

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय की होनहार वेटलिफ्टर साक्षी केसरवानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय के खेल इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया है। साक्षी 186 किलोग्राम भार उठाकर खेलो इंडिया टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली लखनऊ विश्वविद्यालय की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। यह कामयाबी उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में 26 से 30 जनवरी तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला और पुरुष वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में हासिल की। प्रतियोगिता में देशभर के 70 से अधिक विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए साक्षी केसरवानी ने 86 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर अपनी जगह खेलो इंडिया गेम्स में सुनिश्चित की।

### दृश्यकला पर विचार रखेंगे डॉ. अवधेश

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कलाचार्य डॉ. अवधेश मिश्र राज्य ललित कला अकादेमी, उत्तर प्रदेश की ओर से इंडिया पिंक फेस्ट, पिंक सिटी इंटरनेशनल फेस्टिवल, जयपुर में उत्तर प्रदेश का दृश्यकला परिदृश्य विषय पर विचार प्रस्तुत करेंगे। तीन दिवसीय पिंकफेस्ट 2026 का आयोजन 6 से 8 फरवरी 2026 तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। कला और संस्कृति के इस महापर्व का उद्देश्य परंपराओं, रचनात्मक विशेषज्ञता और समकालीन दृष्टि को नए प्रतिमानों के साथ प्रस्तुत करते हुए वैश्विक संवाद स्थापित करना है। राज्य ललित कला अकादेमी, उत्तर प्रदेश की ओर से प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ. अवधेश मिश्र लगभग तीन दशकों से रचना और विचार दोनों को समान प्रतिबद्धता के साथ साधते हुए भारतीय समकालीन कला में निरंतर सक्रिय रहे हैं। प्रख्यात कलाकार, कला समीक्षक, कलाचार्य और संपादक के रूप में उनकी पहचान स्थापित है। उनकी कला-यात्रा का आरंभ ग्रामीण परिवेश में मिट्टी, कोयले और गेरू से बने उन आरंभिक चित्रों से होता है, जहां दीवारें और ज़मीन ही उनका पहला कैनवास थीं।

### नाले में मिला लापता अधेड़ का शव

**अमृत विचार, लखनऊ:** चौक स्थित मंडी क्रॉसिंग के पास नाले में शुक्रवार सुबह अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त मानवेंद्र श्रीवास्तव (48) के रूप में हुई है। वह वजीरगंज के छाछीकुआं क्षेत्र के रहने वाले थे। उनके भाई प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि मानवेंद्र 22 जनवरी को बिना बताए घर से निकल गए थे। उसके बाद वापस नहीं लौटे। परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन जब कोई जानकारी नहीं मिली तो 23 जनवरी को वजीरगंज कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। परिजनो ने बताया कि मानवेंद्र लंबे समय से मिर्गी के दौरे से जूझ रहे थे और उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस से सूचना मिलने पर प्रवीण श्रीवास्तव ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतक की शिनाख्त हाथ में पहनी तांबे की अंगूठी से की। बताया जा रहा है कि शव काफी फूल चुका था।

# अकाल और सूखा पड़ा तो भी देश खाद्यान्न में रहेगा आत्मनिर्भर

## सीएसआईआर-सीमैप में आयोजित किसान मेला-2026 में बोले वैज्ञानिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** श्वेत क्रांति के बाद दुग्ध उत्पादन में 28 सालों से हम दुनिया में नंबर एक हैं। अन्न उत्पादन में भी हमें प्रथम स्थान हासिल करना है। जब देश की आबादी 2050 में सर्वाधिक होगी तब भी सबका पेट भरना होगा। इसके लिए किसानों को विज्ञान और तकनीक का इस्तेमाल करना होगा। आईसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल के निदेशक और वैज्ञानिक डॉ. धीर सिंह ने कहा। सीएसआईआर-सीमैप में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेला में देश भर से आए किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कर्ण गाय का उदाहरण दिया जिसे वैज्ञानिकों ने विकसित किया है और 46 लीटर दूध देती है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कोविड जैसी महामारी हो, या अत्यंत खराब मौसम, सूखा, बाढ़ या पाला अन्न उत्पादन में हमें प्रथम स्थान पर रहना है।

उत्तर प्रदेश और देश के विभिन्न राज्यों से आये हुए किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), उद्यमियों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और उद्योग हितधारकों ने मेले में हिस्सा लिया। मेले में किसानों को उन्नत तकनीकों से जोड़ने, औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने और किसानों, उद्योग और अनुसंधान संस्थानों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ किया जाएगा। सीएसआईआर-सीमैप के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार ने औषधीय और सुगंधित पौधों के पारिस्थितिकी तंत्र में आजीविका वृद्धि और व्यवसाय पहल पर विस्तार से बताया।



सीमैप में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेला में देश भर से आए किसान। अमृत विचार

- 25 राज्यों के 5 हजार किसान मेले व प्रशिक्षण में ले रहे हिस्सा

**औषधीय व सुगंधित पौधों के 100 व्यवसायियों पर पुस्तक:** निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने किसानों को औषधीय और सुगंधित फसलों को तेजी से अपनाने और वैज्ञानिक तकनीकों के प्रयोग के बारे में बताया। उन्होंने पुदीना की खेती, इसके उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन और संपूर्ण मूल्य श्रृंखला विकास को बढ़ावा देने के बारे में बताया। सीएसआईआर-सीमैप एक कॉफी टेबल बुक प्रकाशित करने जा रहा है जिसमें 100 से अधिक सफल उद्यमी शामिल हैं जो पूरे औषधीय और सुगंधित पौधों के व्यवसाय पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में योगदान दे रहे हैं।

**राममनोहर लोहिया अस्पताल करेगा दवाओं का परीक्षण**

मेले में सीएसआईआर-सीमैप और डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के बीच समझौता किया गया। इस समझौते से संस्थान द्वारा विकसित औषधियों का चिकित्सकीय परीक्षण अस्पताल करेगा। साथ ही पूर्व नैदानिक अध्ययन, क्रियाविधि अनुसंधान, शैक्षणिक आदान-प्रदान आदि भी किया जाएगा।

### आईसीएआर-एनडीआरआई से भी हुआ समझौता

- जुगाली करने वाले पशुओं के लिए सूखी चारे के स्रोत के रूप में सुगंधित पौधों के आसवन अवशेषों के उपयोग के लिए अनुसंधान और विकास पर केंद्रित समझौता आईसीएआर-एनडीआरआई करनाल के साथ किया गया। इस अवसर पर भोपाल के सीएसआईआर-उन्नत सामग्री और प्रक्रिया अनुसंधान संस्थान डॉ. थल्लाडा भास्कर भी मौजूद रहे।

# नैक मूल्यांकन में दस्तावेज प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रस्तुत किए जाए: आनंदी बेन पटेल

- राज्यपाल ने डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की नैक तैयारी पर समीक्षा की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में शोध और नवाचार के महत्व पर बल देते हुए पेटेंट और औषधि विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई। उन्होंने सामाजिक गतिविधियों, टीबी और सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन, आंगनवाड़ी किट वितरण, स्वच्छता, जल एवं भोजन गुणवत्ता, अपशिष्ट प्रबंधन और ग्रीन ओपीडी पहल के परिणामों का सुव्यवस्थित डाटा प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

राज्यपाल, शुक्रवार को जन भवन में लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (डीआर.आर.एम.एल.आई.), के अधिकारियों द्वारा नैक मूल्यांकन की तैयारियों का प्रस्तुतीकरण के दौरान संबोधित कर रही थी। इस दौरान संस्थान के विभिन्न विभागों की टीम ने मूल्यांकन के मापदण्डों और तैयारियों का विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत किया।

साथ ही आनंदी बेन पटेल ने निर्देश दिए कि सभी दस्तावेज प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रस्तुत किए जाएँ और गतिविधियों के फोटोग्राफ्स उपयुक्त कैप्शन सहित संलग्न हों। उन्होंने प्रभावी फीडबैक प्रणाली पर बल देते हुए विद्यार्थियों और कर्मचारियों से व्यक्तिगत फीडबैक लेने, मानकीकृत फॉर्म तैयार करने और सुझावों के आधार पर गुणवत्ता सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने संस्थान में फैकल्टी, अध्ययनरत विद्यार्थियों की विविधता और अन्य राज्यों एवं देशों से आए छात्रों की संख्या स्पष्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और उनके परिवारों के भत्तों और उपचार की सुनिश्चित व्यवस्था पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, शिक्षा विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल. जानी, निदेशक प्रो. सी.एम. सिंह एवं संस्थान की नैक मूल्यांकन टीम उपस्थित रही।

## कला-संस्कृति



कला मंडप में ओडिशा नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार। • अमृत विचार

# एकजुट और एकीकृत बल के रूप में कार्य करेंगी सेनाएं



छावनी में आयोजित भारतीय सेना और वायु सेना के वार्षिक संयुक्त सम्मेलन में उपस्थित सेना के उच्च अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सूर्या कमान और केंद्रीय वायु कमान के बीच भारतीय सेना और वायु सेना का वार्षिक संयुक्त सम्मेलन 29 से 30 जनवरी तक केंद्रीय कमान मुख्यालय लखनऊ में आयोजित हुआ। सम्मेलन की संयुक्त अध्यक्षता लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, केंद्रीय कमान और एयर मार्शल बालकृष्णन मणिकांतन, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, केंद्रीय वायु कमान ने की। दोनों सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने विचार-विमर्श में भाग लिया। पेशेवर चर्चाओं में मौजूदा परिचालन चुनौतियों का समाधान करने, संयुक्त योजना तंत्रों में सुधार करने, अंतर-संचालनीयता बढ़ाने और क्षमता विकास को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने बुनियादी ढांचे के विकास और क्षमता वृद्धि के महत्व पर जोर दिया। पूर्व समन्वय ने एक एकजुट और एकीकृत बल के रूप में कार्य करने के लिए भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के साझा संकल्प की पुष्टि की।

लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा, चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय केंद्रीय कमान, लेफ्टिनेंट जनरल दिव्या गौरव मिश्रा, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मुख्यालय उत्तर भारत और एयर वाइस मार्शल आदित्य कुमार वाट, एवीएसएम, वीएम, वायु रक्षा कमांडर, मुख्यालय केंद्रीय वायु कमान शामिल रहे। जो दोनों कमानों के बीच मजबूत परिचालन तालमेल को दर्शाता है।

# एमपीसीए सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आदित्य यादव के शानदार शतक और अभ्युदय प्रताप सिंह के बेहतरीन शतकीय योगदान की बदौलत मल्टी फैसिलिटी प्रोफेशनल एरिना (एमपीसीए) ने 21वीं बीबीडी लीग सी डिवीजन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

जीसीआरसी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एमपीसीए ने गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज को 128 रनों से करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एमपीसीए ने 40 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 302 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम को सलामी बल्लेबाज आदित्य यादव और अभ्युदय प्रताप सिंह ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 236 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी हुई। आदित्य यादव ने 113 गेंदों पर 19 चौके और चार छक्कों की मदद से 152 रन की तूफानी पारी खेली, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं अभ्युदय प्रताप सिंह ने 103 गेंदों में आठ चौके और तीन छक्के जड़ते हुए 104 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पोर्ट्स कॉलेज की टीम एमपीसीए के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 30.1 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से कृष्णा साहू ने सर्वाधिक 39 रन बनाए। एमपीसीए के लिए आदित्य चित्रांश ने तीन विकेट झटके।

# आपदा से निपटने को किया मॉक ड्रिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भूकंप आपदा से निपटने के लिए चतुर्थ वाहिनी सशस्त्र सीमा बल कैंप पर शुक्रवार को एनडीआरएफ (11वीं बटालियन) द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। इस अभ्यास के दौरान तहसील मोहनलालगंज क्षेत्र में भूकम्प आने के कारण कई इमारतों के ढह गई, उनमें आग लगने से मलबे में फंसे व्यक्तियों की सूचना जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के इमरजेन्सी ऑपरेशन सेन्टर/कंट्रोल रूम को मिली। तत्काल कंट्रोल रूम से खोज एवं बचाव व चिकित्सा उपचार के लिए नोडल एजेसियों/विभागों को सूचना दी गई। इससे घटनास्थल पर पहुंची अग्निशमन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ द्वारा खोज एवं बचाव कार्य किया गया। तीनों एजेंसियों/विभागों द्वारा वॉलेन्टियर के रूप में सिविल डिफेन्स एवं आपदा मित्रों को राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग से घायलों को नजदीकी चिकित्सालय भेजा गया। मॉक ड्रिल का फील्ड नेतृत्व एनडीआरएफ के उप कमांडेंट अनिल कुमार पाल और निरीक्षक सभाजीत यादव ने किया। अधिकारियों ने बताया कि इस ड्रिल का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच इंटर-एजेंसी को-ऑर्डिनेशन को मजबूत करना है।

# अवैध डेयरी बंद करा पकड़े 15 मवेशी

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर निगम ने शुक्रवार को जोन-6 के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में अवैध डेयरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान डेयरी बंद कराते हुए 15 मवेशी पकड़कर ठाकुरगंज स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध कर दिया। इस कार्रवाई से अवैध डेयरी संचालकों में हड़कंप मच गया।

पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में टीमें क्षेत्रों पर निकलीं। इस दौरान ठाकुरगंज थाना अंतर्गत इराम स्कूल के पास, हुसैनाबाद, आलम नगर आदि क्षेत्रों में संचालित अवैध डेयरी बंद कराई। विशेष अभियान के दौरान 11 भैंस, एक पड़िया, तीन गाय जब्त की। जिन्हें ठाकुरगंज स्थिति कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया है।

# एक ही जमीन, दो दाम! नैमिष नगर योजना में भेदभाव

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार:** नैमिष नगर योजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण में कथित भारी असमानता के विरोध में शुक्रवार को रैथा रोड स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के सामने किसान महापंचायत आयोजित की गई। इसमें 10 ग्राम सभाओं के प्रभावित किसानों ने भाग लेते हुए प्रशासन पर खुला भेदभाव करने का आरोप लगाया। किसानों ने एलडीए तहसीलदार हेमचंद्र तिवारी को ज्ञापन सौंपकर सभी ग्राम सभाओं के लिए समान सर्किल रेट पर मुआवजा तय करने की मांग की।

किसानों का कहना है कि योजना, क्षेत्र, भूमि की प्रकृति और उपयोग एक समान होने के बावजूद मुआवजा निर्धारण में दोहरा मापदंड अपनाया गया है। जहां आठ ग्राम सभाओं के लिए 1 करोड़ 25 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर का सर्किल मूल्य तय किया गया, वहीं 10 ग्राम सभाओं के किसानों को मात्र 81 लाख रुपये देकर स्पष्ट असमानता बरती गई। किसानों ने इसे संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम 2013 का उल्लंघन बताया।



एलडीए तहसीलदार हेमचंद्र तिवारी को मांग पत्र देते किसान। अमृत विचार

महापंचायत में वक्ताओं ने कहा कि किसान विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन समान भूमि के लिए समान मुआवजा उनका कानूनी और संवैधानिक अधिकार है। पिछले छह-सात महीनों से किसान विभागीय अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस निर्णय लिया गया और न ही लिखित जवाब दिया गया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्यायोचित निर्णय नहीं लिया गया तो नैमिष नगर योजना कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। तहसीलदार हेमचंद्र तिवारी ने ज्ञापन स्वीकार कर मामले को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# दुकानदारों से पुरानी दर पर किराया लेने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, लखनऊ इकाई के देखरेख में तालकटोरा रोड, आलमबाग में व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल ने की। इसमें तालकटोरा रोड के लगभग 335 दुकानदारों ने नगर निगम की ओर से किराए में की गई वृद्धि और दुकानों को सील किए जाने की कार्रवाई का कड़ा विरोध दर्ज कराया। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन मंत्री श्याम मिश्रा ने बताया कि वर्ष-17 में नगर निगम ने दुकानों का किराया 1.20 रुपये प्रति वर्ग फीट से बढ़ाकर 6.20 रुपये प्रति वर्ग फीट कर दिया गया था। इस वृद्धि के खिलाफ व्यापारियों ने तत्कालीन महापौर सुषमा भाटिया के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई थी, जिसके बाद सदन में पुरानी दर पर किराया जमा करने का प्रस्ताव भी पारित हुआ था। महामंत्री योगेंद्र सिंह ने कहा कि अब नगर निगम वर्ष-17 से- 25 तक के बढ़े हुए किराए की एकमुश्त वसूली के लिए लाखों रुपये के नोटिस भेजकर व्यापारियों पर दबाव बना रहा है। किराया जमा न करने के कारण अब तक 13 दुकानों को सील किया जा चुका है, जिससे व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बैठक में मौजूद व्यापारियों ने मांग की है कि दुकानदारों से पुरानी दर पर और आसान किस्तों में किराया लिया जाए, सील की गई दुकानों को तत्काल खोला जाने की मांग की है। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि मांगों को लेकर 2 फरवरी को महापौर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक कोषाध्यक्ष धर्मपाल अग्रवाल, संगठन मंत्री श्याम मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, युवा अध्यक्ष संजय जायसवाल, उपाध्यक्ष मंगलेश मिश्रा, रमन मिश्रा, परमजीत सिंह, गिरीश गुप्ता, सुनील गुलवानी, शमसुद्दीन, चरण सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।



विरोध प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

- नगर निगम की सीलिंग कार्रवाई का किया विरोध

# आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा के बीच शोध सहयोग को मिलेगी नई दिशा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद-क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीसीआरएएस-आरएआरआई), एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के बीच अनुसंधान एवं अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के तहत दोनों संस्थान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के लिए एक-दूसरे की शैक्षणिक, बौद्धिक तथा आधारभूत संरचनात्मक सुविधाओं का साझा उपयोग करेंगे। सहयोग के माध्यम से संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं संचालित की जाएंगी, अकादमिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा शोध पत्रों का प्रकाशन किया जाएगा।

एमओयू पर सीसीआरएएस-आरएआरआई की ओर से सहायक निदेशक (प्रभारी) डॉ. संजय कुमार सिंह व डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की ओर से निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने हस्ताक्षर किए।



एमओयू के साथ डॉ. संजय कुमार सिंह और प्रो. सीएम सिंह व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### गांजा संग महिला कैरियर गिरफ्तार

**अमृत विचार, आलमबाग :** थाना क्षेत्र स्थित रेलवे की छोटी लाइन कैब वे कट के पास से आलमबाग पुलिस ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में आरोपी के पास से 750 ग्राम गांजा बरामद किया है। इंस्पेक्टर सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि आरोपी रेनू रावत पत्नी सुजीत रावत मछली मण्डी गुलजार नगर बाजारखाला की रहने वाली है। पुलिस ने एनडीपीएस की रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### पारा में पांच कारों की बैटरियां चोरी

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा के भपटामऊ आलमनगर निवासी तारीख खान ने बताया कि गुरुवार रात को घर के बाहर मैदान में खड़ी 5 से 7 कारों की बैटरियां कार सवार चोरों ने चोरी की। पीड़ित ने बताया कि मुनीर खान, मोहम्मद शरीफ, करीम खान, नफीस की गाड़ी की बैटरियां चोरी हुई हैं। घटना की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि घटनास्थल से महज कुछ ही दूरी पर बुद्धेश्वर पुलिस बूथ स्थित है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** इटौंजा में गुरुवार रात ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि बेलवा क्रॉसिंग के पास इज्जतनगर–गोरखपुर एक्सप्रेस सीतापुर की ओर से लखनऊ जा रही थी। इसी दौरान रात करीब साढ़े नौ बजे लगभग 50 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** जिला बदर अपराधी को क्षेत्र में घूमते हुए सरोजनीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि आरोपी दरोगा खेड़ा निवासी अभिमन्यु राजपूत उर्फ मन्ना लोधी है। आरोपी को 7 सितंबर 2025 से छह माह के लिए जिला बदर किया गया था। लेकिन इसके बावजूद वह दरोगा खेड़ा स्थित काशीराम कॉलोनी में घूमता मिला।

# एसीपी ने पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

माल, संवाददाता



प्रशस्ति पत्र के साथ आशीष सिंह।



इंस्पेक्टर नवाब अहमद को प्रशस्ति पत्र देते एसीपी।

**अमृत विचार :** माल थाना क्षेत्र अंतर्गत कानून व्यवस्था बनाये रखने व बीते कई त्योहारों को शांतिपूर्ण, व भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर सहायक पुलिस आयुक्त सुजीत कुमार दुबे ने इंस्पेक्टर नवाब अहमद, उप निरीक्षक हरिओम राणा सहित आरक्षी आशीष सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

शुक्रवार को थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था संघारण एवं उत्कृष्ट योगदान देने वाले इंस्पेक्टर नवाब अहमद, उप निरीक्षक हरिओम राणा आरक्षी आशीष सिंह एसीपी ने सम्मानित किया है। बीते कई त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। इन त्योहार में ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक दुरुस्त दिखी थी।यातायात को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

जिस कारण क्षेत्र में बीते त्योहार शांतिपूर्ण व सोहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुए थे। एसीपी ने सभी पुलिस कर्मियों को भविष्य में निष्ठा व लग्न के साथ काम करने व अपने मनोबल को ऊंचा रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि भविष्य में इसी प्रकार कार्य करते हुए पुलिस की गरिमा को बनाये रखने के लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

# अमौसी एयरपोर्ट पर हुई विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

संवाददाता सरोजनीनगर

- जेद्दा जा रहा सऊदी अरबिया एयरलाइंस का विमान रास्ते से वापस लौटा

**अमृत विचार:** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से जेद्दा जा रहा सऊदी अरबिया एयरलाइंस का विमान शुक्रवार दोपहर अचानक रास्ते से वापस लौट आया। विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसको लेकर एयरपोर्ट अधिकारियों में अफरा तफरी मच गई। वहीं जानकारी होने पर विमान में सवार यात्री भी दहशत में आ गए। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं और विमान में आई खराबी दूर करने के लिए इंजीनियरों की टीम लगा दी गई है। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि लखनऊ एयरपोर्ट से दोपहर 12:05 बजे जेद्दा जाने वाला सऊदी अरबिया एयरलाइंस का विमान (एसवी 891) शुक्रवार को दोपहर करीब 12:25 बजे रवाना हुआ। विमान जेद्दा जा रहा था, तभी रास्ते में केबिन प्रेशर की समस्या आ गई। इसकी जानकारी मिलते ही पायलट ने नजदीकी एयरपोर्ट मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग के लिए एटीसी से संपर्क किया, लेकिन वहां लैंडिंग की अनुमति नहीं मिल सकी। जिसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट के एटीसी से संपर्क कर इमरजेंसी लैंडिंग कराने को कहा। बाद में करीब 1:45 बजे विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया गया। विमान में क्रू मेंबर सहित 285 यात्री सवार थे। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं। वहीं विमान की लखनऊ में लैंडिंग होने के बाद एयरपोर्ट प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन इंजीनियरों की टीम को खराबी दूर करने के लिए लगाया गया।फिलहाल इंजीनियरों की टीम विमान की खराबी दूर करने का प्रयास कर रही है।

एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि विमान में केबिन प्रेशर आर्टिफिशियल एयर प्रेशर है, जो हवाई जहाज के अंदर बनाए रखा जाता है। इससे जब विमान 30000 से 40000 फिट की ऊंचाई पर होता है, तब भी विमान में सवार लोगों को सांस लेने में कोई दिक्कत नहीं होती है। केबिन प्रेशर उस ऊंचाई में भी 6000 से 8000 फीट की ऊंचाई के बराबर वाला एयर प्रेशर बनाए रखता है। इससे यात्री आसानी से सांस लेते रहते हैं। लेकिन सूत्रों ने बताया कि उक्त विमान में केबिन प्रेशर की समस्या होने के कारण यात्रियों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। इसी वजह से विमान को रास्ते से वापस लौटना पड़ा।

# दो अधिवक्ताओं में मारपीट कार में फंसाकर घसीटा

## दोनों पक्ष ने लगाया लूट का आरोप, गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर स्थित यूपी दर्शन पार्क के सामने दो अधिवक्ताओं में मारपीट हो गई। एक ने दूसरे पर अगवा करने की इरादे से कार में फंसाकर 200 मीटर तक घसीटने और लूट का आरोप लगाया। वहीं, दूसरे ने मारपीट और चेन लूट का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रकाबगंज निवासी अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव ने बताया कि 28 जनवरी शाम छह बजे वह बेटे के साथ बाइक से जा रहे थे। बाइक बेटा चला रहा था। यूपी दर्शन पार्क के सामने कार सवार महानगर के अधिवक्ता शौर्य ज्योति सिंह व उसके साथी भरत ने ओवरटेक कर उनकी बाइक रोक ली और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर ड्राइविंग सीट के बगल में बैठे भरत ने अगवा करने के इरादे से उन्हें कार में घसीट लिया। उनका आधा शरीर बाहर लटक गया। इस बीच शौर्य ने कार भगाते हुए पीटना शुरू कर दिया। राहगीरों के पीछा करने पर आरोपियों ने 25 हजार रुपये और मोबाइल लूटने के बाद उन्हें करीब दो सौ मीटर दूर चलती कार से फेंक दिया।

वहीं, शौर्य का आरोप है कि संजय शराब के नशे में थे। उनका बेटा गलत तरीके से बाइक चला रहा था। उनकी कार से बाइक टकराने से बची थी। जब इसका विरोध किया तो दोनों ने उनकी और भरत की पिटाई कर दी। आरोप लगाया कि संजय ने भरत की चेन लूटने के साथ कार का शीशा भी ईंट से तोड़ दिया। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि बाइक और कार में टक्कर हुई थी। मारपीट में दोनों पक्षों को चोटें आई हैं। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है।

### डीजीपी आवास के पास चाय दुकान में मारपीट

**अमृत विचार, लखनऊ :** डीजीपी आवास से चंद कदमों की दूरी पर कार सवार दबंगों ने दो दोस्तों पर रॉड व डंडे से हमला कर दिया। हमले में एक दोस्त का हाथ टूट गया, जबकि दूसरा भी घायल हुआ। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद और अज्ञात के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित शुभम शर्मा ने बताया कि 24 जनवरी की रात वह चिड़ियाघर गेट नंबर-2 से होते हुए यूपीटेक की ओर जा रहा था। इसी दौरान अमित चाय की दुकान पर काम करने वाले दो युवकों में झगड़ा हो रहा था। उसने बीच-बचाव कर मामले को शांत करा दिया। इसी बात से नाराज होकर संदीप तिवारी ने उसे व्हाट्सएप कॉल कर गाली-गलौज की। अगले दिन शुभम अपने मित्र मुनीर अहमद के साथ बात करने दुकान पहुंचा। तभी अवनीश तिवारी सफेद इनोवा क्रिस्टा गाड़ी से अन्य युवकों के साथ मौके पर पहुंचा। आरोप है कि संदीप तिवारी, अमित तिवारी, मार्कण्डेय तिवारी और अन्य लोगों ने डंडे, रॉड और लात-घूंसे से दोनों की पिटाई कर दी। मारपीट में मुनीर अहमद का दाहिना हाथ टूट गया, जिसका इलाज न्यू रॉयल हॉस्पिटल बालागंज में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बहू ने बुजुर्ग सास को पीटा, दी धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज के राणा प्रताप मार्ग स्थित सूर्योदय कॉलोनी में पारिवारिक विवाद के चलते सास-बहू में विवाद हुआ। सास ने बहू पर गलत तरीके से पीजी चलाने का आरोप लगाया। पीजी बंद करने के लिए कहा तो बहू ने उसकी पिटाई कर दी। पीड़िता ने हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के विरोध में महिलाओं का हंगामा

संवाददाता, निगोहां

- दो महिलाओं का किया चालान अन्य की तलाश

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के उतरावां गांव में सरकारी अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के दौरान शुक्रवार को महिलाओं ने निर्माण में बाधा डालने की कोशिश की। इस दौरान मजदूरों पर हमला कर दिया, जिससे मजदूर मिस्त्री भाग गए। इसके बाद दबंग महिलाओं ने सरकारी जमीन पर कब्जे की नियत से उसमें मवेशी काट दिया। जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

ग्राम प्रधान भोलानाथ ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर सरकारी अन्नपूर्णा भवन बनाने के लिए ग्राम पंचायत सचिव व लेखपाल द्वारा प्रस्ताव पारित हुआ था। निर्माण कार्य शुरू होने पर मैकू और उनके परिवार के लोगों ने मिलकर निर्माण में बाधा डालने की कोशिश की। एसओ निगोहां अनुज तिवारी ने बताया कि हमले में शामिल लोगों की पहचान कर ली गई है, जिनमें मैकू, सुमन, बिटान, मीरा, दीपू, रोशनी, संगीता और कुंवारा शामिल हैं। पुलिस ने हंगामा कर रही दो महिलाओं चालान कर दिया है।

### फर्जी मामले में फंसाने की धमकी देकर सरिये से पीटा

**अमृत विचार, पीजीआई :** रजनी खंड निवासी अनिल कुमार ने बताया कि पुरानी दुश्मनी के चलते दुबग्गा निवासी राकेश तिवारी, शुभम तिवारी, साबिर खान और गजराम सिंह काफी समय से उन्हें परेशान कर रहे थे। आरोप है कि आरोपी उन्हें फर्जी मामले में फंसाने और जान से मारने की धमकी देते रहे। 19 अक्टूबर को राकेश ने कई नंबरों से कॉल कर किसी महिला के जरिए उसपर रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही। इसके बाद आरोपी कुछ लोगों के साथ उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्द कहे। विरोध करने पर लाठी-डंडों और सरिये से हमला कर दिया।

# लापता पूड़ी विक्रेता का नाले में मिला शव

संवाददाता आशियाना

- आशियाना के सालेह नगर नाले में पड़ा था शव, हत्या की आशंका

**अमृत विचार:** आशियाना के सालेह नगर नाले में शुक्रवार की शाम को पूड़ी विक्रेता उदय राज पासवान (55) का शव पड़ा मिला। वह बुधवार शाम को घर से बिना बताये ही निकले थे। दो दिन से परिजन तलाश कर रहे थे। परिजन ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शारदानगर योजना रश्मिखंड निवासी उदयराज पासवान पूड़ी-सब्जी का ठेला लगाते थे। परिवार में पत्नी माया, बेटा संतोष और दो बेटियां हैं। बेटा संतोष ने बताया कि वह बुधवार को बुधवार को बिना बताए घर से निकल गये थे। उदय को शराब पीने की आदत थी। देर रात को वापस नहीं आये तो तलाश शुरू की गई। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार शाम को पुलिस को सूचना मिली की सालेहनगर स्थित नाले में एक व्यक्ति का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई तो उदयराज पासवान के रुप में हुई। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक उदयराज के गायब होने के संबंध में कोई सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खाली प्लॉट में मिला अज्ञात युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर क्षेत्र के वीआईपी रोड बैकुंठ धाम निकट स्नेह नगर में एक खाली प्लॉट में कई दिन पुराना लगभग 35 वर्षीय युवक का शव मिला। तेज दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक का काफी शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि शव करीब पांच दिन पुराना लग रहा है। मृतक के शरीर पर स्लेटी रंग का पैंट, चेकदार स्वेटर, टोपी और खाकी रंग का जैकेट है। शव के आसपास कबाड़ का सामान मिला है।



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

# स्वस्थ समाज की नींव, तंबाकू मुक्त पीढ़ी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- सातवां राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण सम्मेलन आयोजित

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने तंबाकू का सेवन मानव शरीर के लिए अभिशाप करार दिया और कहा कि भारत में हर वर्ष लगभग 13 लाख मौतें तंबाकू सेवन से जुड़ी होती हैं। उन्होंने बताया कि तंबाकू हृदय रोग, कैंसर, सीओपीडी और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। इसलिए स्वस्थ समाज की नींव तंबाकू मुक्त पीढ़ी से रखी जाती है।

उप मुख्यमंत्री शुक्रवार को रायबरेली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आयोजित 7वें राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य नीति नहीं, बल्कि सामाजिक नीति है। इसके लिए नियमन, शिक्षा, कर नीति और जन जागरूकता जरूरी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार देश में लगभग हर दस में से चार पुरुष और एक महिला किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं, जो जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती है।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी स्वास्थ्य संस्थानों और सामुदायिक स्तर पर तंबाकू नियंत्रण एवं परामर्श सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास हो रहे हैं।

# तकनीकी गड़बड़ी का बहाना नहीं चलेगा

लखनऊ, विधि संवाददाता

- हाईकोर्ट ने पीजीआई थाने की सीसीटीवी फुटेज न मिलने पर प्रमुख सचिव गृह से मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक बंदी प्रयक्षीकरण याचिका की सुनवायी के दौरान पीजीआई थाने की सीसीटीवी फुटेज न मिलने पर सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने पुलिस आयुक्त द्वारा थाने के सीसीटीवी सिस्टम में तकनीकी गड़बड़ी की बात कहने पर, नाराजगी जताते हुए कहा है कि तकनीकी गड़बड़ी का हवाला देकर अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए, प्रमुख सचिव गृह सचिव को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवायी 18 फरवरी को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन व न्यायमूर्ति बबीता रानी की खंडपीठ ने विवेक सिंह की ओर से उसके पिता द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिया है। याचिका में आरोप लगाया है कि विवेक सिंह को 7 नवंबर 2025 को अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था। याचिका में कहा गया कि पुलिस थाने की सीसीटीवी फुटेज से हिरासत की स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

याचिका के जवाब में पुलिस आयुक्त द्वारा दाखिल व्यक्तिगत हलफनामे में सीसीटीवी फुटेज न होने के लिए तकनीकी गड़बड़ी को जिम्मेदार बताया गया। न्यायालय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और स्वयं पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार थानों ले सीसीटीवी फुटेज को निर्धारित अवधि तक सुरक्षित रखना अनिवार्य है। न्यायालय ने कहा है कि आयुक्त के हलफनामे में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि सीसीटीवी सिस्टम कब से काम करना बंद हुआ और बैक-अप की कोई व्यवस्था क्यों नहीं थी।

## सिटी डायरी

### दो दिवसीय दंगल शुरू



दंगल के दौरान हाथ मिलाते पहलवान।

**अमृत विचार, माल :** शुक्रवार को माल कस्बे में स्थित सब्जी बाजार में भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक संगठन के द्वारा दो दिवसीय विराट कुश्ती दंगल – 2026 का शुभारंभ होने से आसपास के लोगों में खुशी का माहौल है।उक्त दंगल का उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान ने फीता काटकर किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान ने फीता काटकर और पहलवानों के बीच हाथ मिलवाकर विराट कुश्ती दंगल 2026 का शुभारंभ करवाया। वही दंगल के पहले दिन स्थानीय समेत अन्य प्रदेशों से पहुंचे पहलवानों की जोड़ी ने अपने दांव पेंच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।उक्त दंगल में पहलवानों की जोड़ी ने अपने दांव पेंच से पसीने बहाते प्रतिद्वंद्वी पहलवान को पटकनी देकर दर्शकों को रोमांचित करते रहे।दो दिवसीय दंगल का शुभारंभ होने से दंगल प्रेमियों में खुशी का माहौल है।

### पत्नी की गला दबाकर की हत्या और जा पहुंचा थाने

**अमृत विचार, हरदोई :** कुछ दिन पहले दो बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ भाग गई थी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने बरामद कर उसे उसके पति के सुपुर्द कर दिया। परिजनों व पति के लाख समझाने पर भी वह प्रेमी के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी रही। इसी बात को लेकर शुक्रवार देर रात दंपति के बीच विवाद हुआ। गुस्से में आकर पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और थाने पहुंचकर खुद अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस तरह की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस जांच कर रही है। बेहटा गोकुल थाने के रायपुर गुलरिया निवासी नवीन पुत्र रामदेव की शादी सुरजीपुर के सुरेश की 28 वर्षीय पुत्री अंजू के साथ करीब 7 साल पहले हुई थी, उसके एक बेटा एक बेटी है। ससुर के न रहने के बाद नवीन ससुराल में रहने लगा था। जैसा कि बताते है कि अंजू का गांव के एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। 13 जनवरी को वह उसी के साथ भाग गई थी। लेकिन 19 जनवरी को पुलिस ने उसे बरामद कर पति के सुपुर्द कर दिया। पूछताछ में अंजू ने पति नवीन के साथ जाने की इच्छा जताई, तो उसे भेज दिया गया। इसके बाद से आए दिन नवीन और अंजू के बीच विवाद हो रहा था। पत्नी की इस हरकत से नवीन अंदर ही अंदर घुट रहा था, फिर भी वह पत्नी को टोंकता रहा। लेकिन वह बाज़ नहीं आ रही थी। नवीन ने बताया कि शुक्रवार शाम भी घर के अंदर अंजू के साथ उसका विवाद हो रहा था। इसी दौरान उसने अंजू का गला दबा दिया। उसकी मां सुखरानी बाहर बैठी थी, लेकिन उसे कानों-कान भनक तक नहीं लगी।

### गले में गुब्बारा फंसने से दुधमुंहे बच्चे की मौत

**अमृत विचार, हरदोई :** थाने में तैनात पैरोकार के सरकारी आवास में उसकी भांजी आठ महीने के उसके दुधमुंहे बच्चे को गुब्बारे से बहला रही थी,गुब्बारा फट गया और उसी का टुकड़ा उस दुधमुंहे ने मुंह में डाला जो कि हलक में फंस गया,उसके फंसने से दुधमुंहा सांस नहीं ले सका,जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि बदायूं ज़िले के जसरथ पुर थाना बिसौली निवासी टीटू पुलिस पैरोकार है और पाली थाने में तैनात है। टीटू ने वहीं थाने का सरकारी आवास ले रखा है,जिसमें उसकी पत्नी ममता और आठ महीने के दुधमुंहे बच्चे दिव्यांश के साथ रहता है,साथ में उसकी 13 साल भांजी भी रहती है। शुक्रवार की सुबह टीटू अपनी ड्यूटी पर चला गया,घर में पत्नी ममता काम कर रही थी और उसकी भांजी गुब्बारे से दुधमुंहे दिव्यांश को बहला रही थी,उसी बीच गुब्बारा फट गया,किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया,दिव्यांश ने गुब्बारे का टुकड़ा उठा कर मुंह में डाल लिया,जो हलक में फंस गया,जिससे वह सांस नहीं ले सका,इसका पता होते ही ममता ने पहले पति को सूचना दी और उस दुधमुंहे को उठा कर पीएचसी पाली पहुंच गई,लेकिन उससे पहले ही उसके बच्चे की मौत हो गई।



सैदापुर गांव में स्थित प्राचीन ब्रह्मदेव बाबा देव स्थल पर की जा रही सजावट।

### विशाल भंडारा आज

**अमृत विचार,निगोहां :** सैदापुर गांव में स्थित प्राचीन ब्रह्मदेव बाबा देव स्थल पर शनिवार को दसवें विशाल भंडारे एवं कीर्तन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करेंगे तथा ब्रह्मदेव बाबा के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। आयोजक अनुपम मिश्रा एवं विनीत मिश्रा ने बताया कि धार्मिक विधि-विधान के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### मथुरा-वृंदावन बन रहे आध्यात्मिक विकास के सशक्त केंद्र : जयवीर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में काशी का भव्य कायाकल्प हुआ है । काशी-अयोध्या के बाद अब मथुरा-वृंदावन भी उप्र. के आध्यात्मिक विकास त्रिकोण के मजबूत केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहे हैं। वह वाराणसी के नेशनल इंटर कॉलेज मैदान में शुक्रवार को तीन दिवसीय पिंडरा महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पिंडरा महोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक चेतना और ऐतिहासिक परंपराओं को सहेजने का प्रभावी माध्यम है।

# वरिष्ठ नेताओं के सामने भी टकराव भाजपा में बढ़ी अनुशासनहीनता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महोबा और अयोध्या की घटनाओं से पार्टी हुई असहज
- वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी में अनुशासनहीनता के मामलों ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं। बीते 24 घंटों में महोबा और अयोध्या में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में विधायक और कार्यकर्ता वरिष्ठ नेताओं के सामने ही आपस में उलझते नजर आए। दोनों मामलों के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

दोनों घटनाओं ने पार्टी नेतृत्व के सामने अनुशासन का सवाल खड़ा कर दिया है। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामले भाजपा के लिए संगठनात्मक स्तर पर चुनौती बनते दिख रहे हैं।

### महोबा में मंत्री–विधायक में तीखी नोकझोंक

शुक्रवार को महोबा में स्वतंत्र देव सिंह एबीवीपी के कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी दौरान चरखारी से भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत ने समर्थकों और प्रधानों के साथ उनका काफिला रोक लिया। जल जीवन मिशन के तहत काम न होने का आरोप लगाते हुए विधायक की मंत्री से तीखी बहस हो गई। बात इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों के सुरक्षा कर्मियों के बीच भी तनाव की स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर की मध्यस्थता के बाद मामला शांत हुआ।

### अयोध्या में डिप्टी सीएम के सामने भिड़े कार्यकर्ता

गुरुवार को अयोध्या में केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में भाजपा के दो स्थानीय नेता–जिला अध्यक्ष संजीव सिंह व सच्चिदानंद पांडेय–आपस में भिड़ गए। गोसाईंगंज के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी 'खब्बू' की मां के शांति भोज कार्यक्रम में हुए इस विवाद में धक्का-मुक्की तक की नौबत आ गई, जिसके बाद डिप्टी सीएम के अंगरक्षकों को हस्तक्षेप करना पड़ा।

### आलू के विपणन को बढ़ावा देने को आयोजित की गई बायर-सेलर मीट

**अमृत विचार, लखनऊ :** उड़ीसा के भुवनेश्वर में उप्र. के उद्यान विभाग तथा हाफेड के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय आलू प्रदर्शनी एवं बायर-सेलर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप्र. के उद्यान एवं कृषि विपणन राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह तथा उड़ीसा के उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव रहे। राज्यमंत्री ने बताया कि उप्र में कुल उत्पादन का लगभग 35 प्रतिशत आलू उत्पादित होता है। वर्ष 2025-26 में प्रदेश में 245.94 लाख मीट्रिक टन आलू उत्पादन संभावित है। उन्होंने कुफरी बहार, कुफरी पुखराज व चिप्सोना जैसी उन्नत प्रजातियों को दूरस्थ विपणन व प्रोसेसिंग के लिए उपयुक्त बताया।

## एसपी ने यूपी-112 पीआरवी कर्मियों को किया तलब

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** एसपी संदीप कुमार मीना ने पुलिस आफिस में यूपी-112 पीआरवी वाहनों पर तैनात कर्मियों को तलब कर उनके कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान ड्यूटी में शिथिलता और रिस्पॉन्स टाइम अधिक पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर 15 दिवस का वेतन रोकने तथा डेली लगाने का निर्देश दिया। एसपी ने सभी पीआरवी कर्मियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में रिस्पॉन्स टाइम में सुधार लाएं, ड्यूटी के प्रति पूर्ण जिम्मेदारी निभाएं। फीडबैक खराब पाए जाने पर मुख्य आरक्षी संतोष शुक्ला, महिला हेड कांस्टेबल पुष्पा शर्मा, महिला आरक्षी किरण यादव, होमगार्ड चालक अयोध्या प्रसाद के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जबकि रिस्पॉन्स टाइम संतोष जनक न होने पर कांस्टेबल किशन कुमार, कांस्टेबल पवन कुमार यादव, आरक्षी अंजेश चौहान, चालक धर्मेन्द्र कुमार, होमगार्ड चालक विजय मिश्र का 15 दिवस का वेतन रोकने व डेली लगाने का आदेश दिया गया।



## थाईलैंड की रानी ने किया लुम्बिनी का दौरा

निज़ाम जिलानी, ककरहवा, सिद्धार्थनगर। थाईलैंड की रानी सिनेनाथ बिलासकल्यानी ने शुक्रवार को बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी का आध्यात्मिक भ्रमण किया। बुद्ध के जीवन से जुड़े चार प्रमुख तीर्थस्थलों की धार्मिक यात्रा के क्रम में गुरुवार को लुम्बिनी पंहुची और शुक्रवार सुबह मायादेवी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर दर्शन किए। मायादेवी मंदिर परिसर में लुम्बिनी विकास कोष के सदस्य-सचिव दीपक श्रेष्ठ, सिद्धार्थनगर नगरपालिका के प्रमुख इस्तियाक अहमद खां तथा योजना प्रमुख स्मिता भट्ट ने उनका औपचारिक स्वागत किया। 41 वर्षीय सिनेनाथ बिलासकल्यानी थाईलैंड के राजा महावजिरालोंगकोर्न की पत्नी हैं। उन्हें 'शाही नोबल कंसोर्ट' की उपाधि प्राप्त है और वे प्रचलित रूप में थाईलैंड की रानी के रूप में जानी जाती हैं। वे 70 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही थीं। भारत और नेपाल की धार्मिक यात्रा पर आईं थाईलैंड की रानी सिनेनाथ बिलासकल्यानी ने बुधवार को कुशीनगर पहुँचकर बुद्ध के महापरिनिर्वाण मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने बुद्ध की लेटी हुई प्रतिमा पर चीवर अर्पित किया। उनके साथ थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री बोर्नवॉर्नसाक भी मौजूद रहे। विशेष पूजा में थाईलैंड से आए बौद्ध भिक्षु और अनुयायी भी शामिल हुए। धार्मिक आस्था के तहत उन्होंने बुद्ध से जुड़े चार पवित्र स्थलों बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर और लुम्बिनी का दर्शन किया। भारत में दर्शन कार्यक्रम पूरा करने के बाद वे सुनौली सीमा के रास्ते नेपाल पहुंची थीं। लुम्बिनी दर्शन कार्यक्रम के समापन के बाद वे शुक्रवार दोपहर लगभग 2 बजे थाई एयर फोर्स के चार्टर्ड बोइंग-737 विमान से गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीधे थाईलैंड के लिए रवाना हो गईं।

# मनरेगा योजना खत्म नहीं होगी : केशव

## शोहरतगढ़ ब्लॉक के धेन्सा गांव में उप मुख्यमंत्री ने लोगों को दिया भरोसा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार

**अमृत विचार।** मनरेगा योजना को खत्म नहीं किया गया है, जी राम जी के रूप में 125 दिन का रोजगार दिया जायेगा। जब तक जी राम जी को लागू नहीं किया जायेगा, तब तक मनरेगा चलेगा। यह बातें शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम धेन्सा में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में कही।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र लाभार्थियों को आवास दिया गया है, जो बचे हैं उन्हें भी दिया जायेगा। पात्रों को राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड, आवास, आदि का लाभ दिया जा रहा है। आज सरकार द्वारा जो धनराशि भेजी जाती है पूरी लाभार्थी को मिल रही है। सीधे डीबीटी के माध्यम से लाभ दिया जा रहा है। 2047 तक भारत विकसित भारत बनेगा। जीरामजी से गांव का विकास होगा। भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बन रहा है। आने वाले समय में सिद्धार्थनगर अग्रणी जनपद बनेगा। सभी को पक्की छत देने का काम किया जा रहा है। सरकार आपके साथ खड़ी है। डबल इंजन की सरकार अपना विकास करने के लिए नहीं आयी है देश और विकास करने आयी है। उक्त अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., पुलिस अधीधक डा0 अभिषेक महाजन आदि उपस्थित थे।

जगदम्बिका पाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आपके गांव में आये हैं। सरकार आप लोगो के साथ खड़ी है। सभी को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ को लाभ देकर सभी को लाभान्वित किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया।



कार्यक्रम में भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक उप मुख्यमंत्री।

# संरक्षा व आधुनिक तकनीक पर हुआ मंथन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महानिदेशक, आर.डी.एस.ओ. के दिशा-निर्देश पर यांत्रिक कारखाना, में रोलिंग स्टॉक के रखरखाव से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तकनीकी मुद्दों पर गुरुवार को एक दिवसीय विशेष तकनीकी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य रोलिंग स्टॉक के रख-रखाव में आधुनिक तकनीकों का समावेश तथा संरक्षा एवं सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना था।

कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य कारखाना प्रबन्धक/यांत्रिक कारखाना सुनील कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आर.डी.एस.ओ.) के विशेषज्ञ टीम ने रेल संरक्षा तथा आधुनिक कोच तकनीक पर विस्तृत जानकारी साझा की। आरडीएसओ की नॉलेज-शेयरिंग पहल के तहत, रोलिंग स्टॉक वर्टिकल के अन्तर्गत तकनीकी कार्यशाला की एक सीरीज आयोजित की जा रही है। ताकि समय-समय पर जारी किये गये दिशा-निर्देशों एवं तकनीकी एडवाइजरी के तकनीकी मुद्दो तथा परिचालनिक सम्बन्धित विषयों को प्रभावी ढंग से रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य फैलाया जा सके। आरडीएसओ के निदेशक/वीजीडी ओमकार नाथ सिंह ने बोगी रखरखाव, स्प्रिंग डैम्पर एवं कंट्रोल आर्म की तकनीकी बारीकियों पर प्रकाश डाला।

इस दौरान सी.बी.सी. कपलर की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया गया। निदेशक (ब्रेक) सुधीर सिंह ने वंदे भारत तथा एलएचबी ट्रेनों में इस्तेमाल होने वाले अत्याधुनिक एयर ब्रेक सिस्टम एवं डब्ल्यू.एस.पी. तकनीक पर विशेष व्याख्यान दिया। इसके अतिरिक्त, एडीई (मानक) एपी सिंह ने सीटीआरबी तथा निदेशक (एसएस) अनुराग मलिक ने एफएसडीएस एवं एफडीएसएस जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरणों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

## पूर्वोत्तर रेलवे की महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी दीक्षा व सुमेधा का चयन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रायपुर, छत्तीसगढ़ में 03 से 08 फरवरी तक आयोजित होने वाली 37वें फेडरेशन कप चैम्पियनशिप में भाग ले रही भारतीय रेलवे वॉलीबॉल महिला टीम में पूर्वोत्तर रेलवे की महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी दीक्षा ठाकुर एवं सुमेधा कुमारी का चयन हुआ है। साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे के वॉलीबॉल कोच विनोद कुमार भारतीय रेलवे वॉलीबॉल टीम के कोच के रूप में प्रतिभाग करेंगे। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं सरंक्षक/नरसा उदय बोरवणकर, अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे विनोद कुमार शुक्ल ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।



## गांधीवादी मूल्यों से सजेगा बचपन : राकेश

**लखनऊ, अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को वसुंधरा फाउंडेशन द्वारा जीजीआईसी गोमतीनगर में 'बापू को कार्यांजलि' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने गांधी जी के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बापू के चित्र पर पुष्पांजलि और 'वैष्णव जन तो' भजन के साथ हुई। शहीद दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। फाउंडेशन के संस्थापक राकेश श्रीवास्तव ने बच्चों को संबोधित करते हुए गांधी जी के 'सत्य और अहिंसा' के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कहा कि बापू का सपना केवल आज़ादी नहीं, बल्कि एक स्वच्छ और शिक्षित भारत भी था। हमारे छह संकल्प -पौधरोपण, जल संरक्षण, अन्न सम्मान, स्वच्छता, शिक्षा और सत्यनिष्ठा, इसी सपने को पूरा करने की एक छोटी सी कोशिश हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने 'बापू के सपनों का भारत' विषय पर कविताएं सुनाईं और लघु भाषण दिए। बापू के प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से बच्चों को भोजन बर्बाद न करने की शपथ दिलाई गई।

## सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को किया पुरस्कृत



**गोरखपुर, अमृत विचार।** प्रमुख कार्मिक अधिकारी मनोज कुमार ने 31 जनवरी, 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली अतुल सिंह, उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, गोरखपुर अरविन्द कुमार जायसवाल, ए.सी.एम.टी/यांत्रिक कारखाना श्याम नन्दन ठाकुर तथा सहायक सचिव/रेलवे भर्ती सेल हरखेन सिंह को अपने कक्ष में समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन मनोज कुमार ने कार्मिक विभाग के सभा कक्ष में सेवानिवृत्त हो रहे 25 अराजपत्रित रेलकर्मियों को समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

**उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**विद्युत पारेषण मण्डल।, लखनऊ**
**ई-निविदा सूचना, दिनांक 30.01.2026**
**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

**1. ई-निविदा संख्या 101- वि.पा.मं. (प्र.) ल./2025-26**, विद्युत पारेषण खण्ड, लखनऊ के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र पर स्थापित 63 एम0वी0ए0 डी0जी0 सेट की सर्विसिंग और ओवरहॉलिंग (Eicher Make) का कार्य हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है. जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 24.01.2026 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 01.30 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 1500.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनॉक 23.02.2026 को 16:00 बजे तक है। **2. अल्पकालीन ई-निविदा संख्या 102- वि.पा.मं. (प्र.) ल./2025-26**, विद्युत पारेषण खण्ड, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र हरदोई रोड, लखनऊ में 200 एम0वी0ए0 परिवर्तक ।।(ऐमको मेक) सहित कुछ अन्य उपकरणों की पेन्टिंग सम्बन्धी कार्य हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 05.02.2026 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 4.69 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रु. 5000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि 12.02.2026 को 16:00 बजे तक है। **3. अल्पकालीन ई-निविदा संख्या 103- वि.पा.मं.(प्र.) ल./2025-26**, विद्युत पारेषण खण्ड ।।, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र चिनहट पर स्थापित विभिन्न पुराने उपकरणों तथा उनके Marshalling Box की पेन्टिंग सम्बन्धित कार्य हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 05.02.2026 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू. 4.66 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रु. 5000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि 12.02.2026 को 16:00 बजे तक है। **4. अल्पकालीन ई-निविदा संख्या 104- वि.पा.मं. (प्र.) ल./2025-26**, विद्युत पारेषण खण्ड-।।, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र गोमती नगर, 220 के0वी0 उपकेन्द्र सी0जी0 सिटी और 220 के0वी0 उपकेन्द्र बी0के0टी0 पर स्थापित खराब एवं बंद पड़े GPS Clock को बदलने सम्बन्धित कार्य हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 05.02.2026 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 6.87 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 7000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनॉक 12.02.2026 को 16:00 बजे तक है। **5. अल्पकालीन ई-निविदा संख्या 105- वि.पा.मं. (प्र.) ल./2025-26**, विद्युत पारेषण खण्ड ।।, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र गोमती नगर पर स्थापित 01 नग 60 एम0वी0ए0 परिवर्तक-प्रथम (Areva Make) से हो रहे तेल रिसाव को रोकने हेतु गैस्केट को बदलने सम्बन्धित कार्य हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 05.02.2026 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 5.13 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 5500.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनॉक 12.02.2026 को 16:00 बजे तक है। **6. ई-निविदा संख्या 106- वि.पा.मं. (प्र.) ल./2025-26**, विद्युत पारेषण खण्ड-।।, लखनऊ के अन्तर्गत 132 के0वी0 खुर्रम नगर, लखनऊ तथा 132 के0वी0 उपकेन्द्र सहारा सिटी, लखनऊ के कन्ट्रोल एण्ड रिले पैनल्स में उपयोग के लिए Semaphore, Digital Meters and LED bulbs की आपूर्ति एवं स्थापना सम्बन्धित कार्य कराये जाने हेतु ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 05.02.2026 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू. 1.86 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 2000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनॉक 23.02.2026 को 16:00 बजे तक है। विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें बेवसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी। **कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल-प्रथम, उ.प्र.पावर ट्रान्स. कारपोरेशन लि. कक्ष सं. 111 से 114, भू-तल, पारेषण भवन विभूति खण्ड- ।।, निकट मंत्री आवास गोमतीनगर, लखनऊ-226010 'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' पत्रांक : 291/वि.पा.मं.(प्र.)ल./निविदा मण्डल दिनांक : 30.01.2026**

**उत्तर रेलवे**
**ई-ऑक्शन सूचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-AMS-TOi-112-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BOY-TOi-155-26-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BTKD-TOi-142-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BTP-TOi-145-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-KHNM-TOi-125-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BHDR-TOi-126-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-MBLP-TOi-117-25-1(Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-PRF-TOi-121-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-MFKA-TOi-139-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-LBA-TOi-141-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-SOP-TOi-143-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-ZBD-TOi-146-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-KSF-TOi-147-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-LOT-TOi-154-26-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-UTR-TOi-118-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-HGH-Toi-119-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-JTU-Toi-114-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-AJ-Toi-115-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-SAW-Toi-122-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-MAY-Toi-144-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-MKG-Toi-111-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-HRN-Toi-113-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-PQN-Toi-123-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-LGO-Toi-127-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-KEPR-Toi-140-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-AMG-Toi-116-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-GRMR-Toi-124-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-VYN-Toi-120-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 15:00 बजे |
| नीलामी प्रकार | Close Ended |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

330/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



